प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों के क्षेत्र में राजकीय पाठशालाओं के वरिष्ठ माध्यमिक सैक्शन्स को को–एजुकेशनल बनाया जाएगा। कल देर सांय शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे स्कूलों का युक्तिकरण करेगी जहां विद्यार्थियों का नामांकन कम है और नजदीक ही समान स्तर का अन्य स्कूल कार्यशील है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय क्षेत्रों में किसानों को नौतोड़ देने के निर्णय व राज्य में लागू वन संरक्षण अधिनियम 1980 को सस्पेंड करने की सिफारिश के प्रस्ताव के संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्यपाल से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 5 के चलते राज्यपाल के पास है विशेष अधिकार है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के पास जमीन बहुत कम है, जिसके कारण बेरोजगारी बहुत है और लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

विश्व विरासत दिवस

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है– विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। ये दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए 18 अप्रैल को मनाया जाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी संरक्षित स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है।

बोवेन थेरेपी

चम्बा जिला के चमीनू गांव में स्थित एचटूओ हाउस में पहाड़ ट्रस्ट की ओर से आस्ट्रेलियन हेल्थ कॉलेज ऑफ वाइब्रेंट थैरेपीज तथा नाट ऑन मैप संस्था के साथ मिलकर महिलाओं को बोवेन थेरेपी का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य फैसिलिटेटर बिमला राव रहीं जो कि आस्ट्रेलियन हेल्थ कालेज ऑफ वाइब्रेंट थैरेपीज की संस्थापक हैं। इस दौरान प्रतिभागियों ने 21 दिन के प्रशिक्षण के दौरान बोवेन थेरेपी के अलग–अलग तरीकों व तकनीक को सीखा।

बिमला राव ने कहा की आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में ये थेरेपी काफी लाभदायक साबित हो रही है और इसके थेरेपी के माध्यम से मनुष्य के शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

एच.आर.टी.सी

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ने पंजाब में बंद चल रहे रात्रि ठहराव के 20 रूट आज से बहाल कर दिए हैं। निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि पंजाब में कुछ शरारती तत्वों द्वारा एचआरटीसी की बसों पर हमला कर इनमें आपत्तिजनक शब्द लिख गए थे जिसके बाद सरकार ने सुरक्षा की दृष्टि से 20 रूट अस्थाई तौर पर बद कर दिए थे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से संबंधित खबर को शीर्षक दिया है–राज्य सरकार 1999 की पेंशन योजना निरस्त करने में सक्षम। हिमाचल के निगमों–बोर्डों के 7 हजार कर्मियों को झटका।

दैनिक भास्कर लिखता है–स्कॉलरशिप घोटाले में ढ़ाई करोड़ रिश्वत केस की जांच सीबीआई के साथ अब ई.डी. भी कर रही। इसी अख़बार की एक अन्य ख़बर है–अफसरशाही की होली पार्टी का बिल सरकार के सिर।

दैनिक जागरण व दैनिक सवेरा टाइम्स की एक जैसी सुर्खी है–शहरी निकायों के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल को–एजुकेशनल बनेंगे। दिव्य हिमाचल के अनुसार–शहरों में ब्वॉयज –गर्ल्ज स्कूलों में को–एजुकेशन। आपका फैसला का कहना है–पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा बागा–सराहन क्षेत्र। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–प्रदेश सचिवालय को ई–मेल से मिली बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई। अमर उजाला का कहना है–स्कूलों में जींस, टी–शर्ट व चटक रंग के कपड़ों में नहीं आ सकेंगे शिक्षक।